हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 2 अगस्त 2025



06 किसान नहीं कराते मिट्टी का परीक्षण रासायनिक...



07 ग्रामसभा में नहीं पहुंचे बिजली विभाग के अधिकारी...



## खबर संक्षेप

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की बैठक संपन्न

**नर्मदापुरम।** कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशानुसार शुक्रवार 1 अगस्त 2025 को ललित कुमार डेहरिया, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास नर्मदापुरम द्वारा सेक्टर गुराडिया कला विकासखंड माखननगर में विभागीय योजनाओं की क्रियान्वयन हेतु आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की समीक्षा बैठक की गई। समीक्षा के दौरान डेहरिया द्वारा पोषण ट्रैकर एप पर आंगनवाड़ी खोलने की एंट्री, FRS, होम विजिट की एंट्री की समीक्षा की गई।

### कार्यक्रम अधिकारी ने किया आकस्मिक दौरा

**नर्मदापुरम।** कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के निर्देशानुसार शुक्रवार 1 अगस्त 2025 को ललित कुमार डेहरिया जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास द्वारा जनजातीय बालक आश्रम सिंहपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान श्री डेहरिया द्वारा उपस्थित बच्चों से छात्रावास में मिलने वाली सुविधाओं एवं अध्ययन संबंधी जानकारी ली गई। साथ ही इनके द्वारा छात्रावास में मिलने वाले भोजन की जांच कर बच्चों के साथ भोजन भी किया गया।

## स्थानीय प्रशासन की अनदेखी के कारण आए दिन हो रहे हादसे

# सड़क पर बैठे मवेशी बन रहे हैं परेशानी का सबब, राहगीरों की जोखिम में जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शहर की मुख्य सड़कों पर मवेशियों का जमावड़ा आम बात हो गई है। गाय, बैल और सांड जैसे जानवर दिनभर सड़क पर बैठे रहते हैं, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विशेष रूप से स्कूल जाने वाले बच्चों, बुजुर्गों और दोपहिया वाहन चालकों के लिए यह स्थिति खतरे से खाली नहीं है।

सबसे अधिक परेशानी बाजार क्षेत्र, बस स्टैंड, ग्वालटोली, रसूलिया, मालाखेड़ी, स्वयंवरम गार्डन के सामने, चक्कर रोड, हॉस्पिटल रोड और अन्य व्यस्त मार्गों पर देखने को मिल रही है, जहां मवेशी न सिर्फ यातायात को बाधित करते हैं, बल्कि अचानक बीच सड़क पर उठ खड़े होकर दुर्घटनाओं का कारण भी बन रहे हैं।

**शहर की मुख्य सड़कों पर मवेशियों का जमावड़ा आम बात हो गई है। गाय, बैल और सांड जैसे जानवर दिनभर सड़क पर बैठे रहते हैं जिससे वाहन चालकों एवं राहगीरों को परेशानी हो रही है।**



### नगर प्रशासन मौन

स्थानीय निवासियों का कहना है कि नगर पालिका प्रशासन को कई बार इस समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। मवेशी पकड़ने की कार्रवाई सिर्फ कागजों तक सीमित रह गई है। न तो कोई गोशाला व्यवस्था मजबूत है और न ही जिम्मेदार अधिकारी गंभीर दिखते हैं।

### हादसों की बढ़ती संख्या

पिछले कुछ दिनों में सड़क पर बैठे मवेशियों की वजह से दोपहिया वाहन चालकों के गिरने और घायल होने की कई घटनाएं सामने आई हैं। लेकिन दुर्भाग्यवश, तब भी प्रशासन जागने को तैयार नहीं है। अगर समय रहते उचित कदम नहीं उठाए गए, तो कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

### प्रशासन के निर्देश, पशुपालकों पर हो कार्रवाई

सड़कों पर गौवंश के बैठे रहने से वाहन दुर्घटनाओं की संभावनाओं एवं गौवंश की मृत्यु को रोके जाने के संबंध में कलेक्टर सोनिया मीना ने अधिकारियों को निर्देश दिए थे। कलेक्टर ने जिला पंचायत सीईओ, नगर पालिका निगम, समस्त एसडीएम, एनएचएआई, एमपीआरडीसी, उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं, सभी जनपद पंचायत सीईओ एवं नगर पालिका अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में पशुपालक एवं ग्रामीण जनों को जागरूक करें कि वे अपने गौवंश को सड़कों पर न बैठने दें। कलेक्टर ने कहा कि पशुपालकों एवं प्रशासन के समन्वित प्रयास से जनहानि के साथ-साथ पशुहानि को भी प्रभावी रूप से रोका जा सकता है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जो पशुपालक गौवंश को सड़कों पर विचरण के लिए छोड़ देते हैं, उनके विरुद्ध नियमानुसार जुर्माना एवं वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। वहीं इस संबंध में नपा सीएमओ का कहना है कि हमने अस्थाई गौशाला बनाई है। वहां रोजाना शहर से गौवंश स्थानांतरित कर रहे एवं गौपालकों पर जुर्माना कर रहे हैं।

### जनता की मांग: तुरंत कार्रवाई हो

शहरवासी मांग कर रहे हैं कि नगर पालिका तुरंत सक्रिय हो और मवेशियों को पकड़ने के लिए विशेष अभियान चलाए। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि पकड़े गए मवेशियों की देखभाल उचित गोशालाओं में हो, और मालिकों पर सख्त कार्रवाई की जाए।

# छात्रा को टोकने पर भाजपा नेता पर चाकू से हमला

## नागेंद्र तिवारी घायल, एक आरोपी हिरासत में

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शहर के मुख्य क्षेत्र में स्थित शासकीय होम साइंस कॉलेज के बाहर शुक्रवार दोपहर उस वक्त हड़कंप मच गया जब कॉलेज गेट के बाहर एक छात्रा के साथ खड़े युवकों को टोकने पर भाजपा नेता नागेंद्र तिवारी पर चाकू से हमला कर दिया गया। इस हमले में तिवारी गंभीर रूप से घायल हो गए और उन्हें तत्काल एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना दोपहर करीब 2:30 बजे की है, जब नागेंद्र तिवारी अपनी बेटी को कॉलेज छोड़कर बाहर निकल रहे थे। कॉलेज परिसर में दो युवक और एक छात्रा खड़े थे।

इस पर तिवारी ने युवकों को टोका, जिससे विवाद शुरू हुआ और देखते ही देखते एक युवक ने चाकू निकालकर उन पर वार कर दिया। तिवारी ने खुद को बचाने की कोशिश की, जिससे उनकी कलाई गंभीर रूप से जख्मी हो गई और रक्तस्राव होने लगा। हमले के बाद एक आरोपी मौके से फरार हो गया जबकि दूसरे युवक को लोगों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पकड़े गए युवक की पिटाई भी मौके पर हुई। पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है, जबकि दूसरे की तलाश जारी है। बताया जा रहा है कि हमलावरों में से एक का पिता शराब के अवैध कारोबार से जुड़ा हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही भाजपा के कई नेता अस्पताल पहुंचे और तिवारी का हालचाल जाना। इनमें भाजपा जिला कोषाध्यक्ष लोकेश तिवारी, पूर्व नपाध्यक्ष अखिलेश खंडेलवाल, सागर शिवहरे सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल थे। नागेंद्र तिवारी पूर्व में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के संगठन मंत्री और कॉलेज जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष रह चुके हैं।

कॉलेज परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे से घटना की रिकॉर्डिंग निकालने की कोशिश की गई, लेकिन बिजली न होने के कारण फुटेज नहीं मिल सकी। कॉलेज और स्कूल परिसर के आसपास मनचलों का जमावड़ा अब आम बात हो गई है। बावजूद इसके सुरक्षा के कोई पुख्ता इंतजाम नहीं हैं। शहर में इस समय मनचलों द्वारा आते जाते हरकतें करना जारी है। यदि कोई सामान्य आदि उनको टोकता है तो कई बार विवादों की स्थिति बनी है इस कारण आमजन अनदेखी करता है।

# समेरिटंस की छात्रा आरुषि भारत का प्रतिनिधित्व कोरिया में करेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



साउथ कोरिया में आयोजित होने जा रही कुराश चैंपियनशिप में समेरिटंस विद्यालय की छात्रा आरुषि सल्लाम का चयन भारतीय टीम में हुआ है। आरुषि 33 किलो ग्राम वजन समूह में प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेगी। ज्ञात रहे कि इसके पूर्व आरुषि ने कई राष्ट्रीय कुराश खेल प्रतियोगिता में पदक अर्जित कर चुकी है। यह चैंपियनशिप साउथ कोरिया के चोंग जु शहर में आयोजित होगी। उक्त जानकारी आरुषि की कोच वैशाली तिवारी ने दी। इस उपलब्धि के लिए मध्य प्रदेश कुराश खेल सचिव अंतर्राष्ट्रीय रेफरी राहुल व्यास, विद्यालय के संचालक डॉक्टर आशुतोष कुमार शर्मा, प्राचार्य प्रेरणा रावत, आरके सिंह, राजेंद्र रघुवंशी, सचिन खंपारिया ने शुभकामनाएं व्यक्त कीं।

# सांसद दर्शन सिंह ने पीएम से उठाई स्टेट हाईवे को नेशनल हाईवे में परिवर्तित करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

दिल्ली स्थित संसद भवन स्थित प्रधानमंत्री कार्यालय में नर्मदापुरम नरसिंहपुर लोकसभा सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भेंट की। इस अवसर पर सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने प्राकृतिक कृषि, नर्मदा मैया, क्रूज पर्यटन, लोकसभा क्षेत्र के समसामयिक विषयों पर प्रधानमंत्री से विस्तृत चर्चा की। यह मुलाकात क्षेत्र के विकास के प्रति सांसद दर्शन सिंह चौधरी के प्रयासों को दर्शाती है। चौधरी ने संसदीय क्षेत्र होशंगाबाद (संसदीय क्षेत्र क्रमांक 17) के अंतर्गत राज्य राजमार्ग क्रमांक 22 एवं 59 का प्रमुख खंड है। जिसकी कुल दूरी लगभग 250 किलोमीटर है। उक्त मार्ग करेली, राष्ट्रीय राजमार्ग 44 से प्रारंभ होकर नर्मदापुरम में राष्ट्रीय राजमार्ग 46 से गुजरते हुए हरदा जिले के उड़ा ग्राम में राष्ट्रीय राजमार्ग 47 से जुड़ता है।



इन राज्य राजमार्गों को राष्ट्रीय राजमार्ग में परिवर्तित कर विकसित करने का आग्रह किया। सांसद चौधरी ने बताया कि वर्तमान में गाडरवारा परियोजना की वर्तमान में 1600 मेगावाट की क्षमता है। विकसित भारत संकल्प की पूर्ति के लिए विद्युत आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए आपके कुशल नेतृत्व में पुनः एनटीपीसी गाडरवारा में 1600 मेगावाट उत्पादन क्षमता की इकाई स्थापित की जा रही है। जिसका उद्घाटन आपके कर कमलों से हो।

# शहर की सड़कों के ब्लैक स्पॉट का कलेक्टर के साथ पुलिस अधीक्षक ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना एवं पुलिस अधीक्षक डॉक्टर गुरकरण सिंह ने शुक्रवार को शहर के विभिन्न स्थलों के सड़कों के ब्लैक स्पॉट का निरीक्षण किया। सड़कों के ब्लैक स्पॉट में सुधार कार्य करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने श्री कुंज गार्डन के पास स्थित ब्लैक स्पॉट, एसपीएम रेलवे क्रॉसिंग बुधनी रोड के ब्लैक स्पॉट का निरीक्षण किया एवं लोक निर्माण विभाग के अधीक्षक यंत्री अनुराग सिंह को निर्देश दिए की तत्परता से



सड़कों के इन ब्लैक स्पॉट को सुधार कर ठीक करें ताकि किसी भी प्रकार की सड़क दुर्घटना एवं वाहन दुर्घटना से बचा जा सके। कलेक्टर ने जिला परिवहन अधिकारी को निर्देश दिये कि वह शहर में स्थित और भी ब्लैक स्पॉट को प्राथमिकता से चिन्हित करें। निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय राजस्व अधिकारी नीता कोरी, डीएसपी ट्रैफिक मिश्रा, नगर पालिका अधिकारी हिमेश्वरी पटले, जिला परिवहन अधिकारी रिंकू शर्मा एवं संबंधित अधिकारी गण उपस्थित थे।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया पौधरोपण, पौधों के संरक्षण की ली जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा शुक्रवार को वार्ड नंबर 21 की पार्षद महिमा रोहित गौर के वार्ड में वरिष्ठ महिलाओं के साथ पौधरोपण कर उनके संरक्षण का संकल्प लिया गया। मुक्तेश्वर पार्क सरस्वती नगर रसूलिया में एक पेड़ मां नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया गया। वार्ड पार्षद प्रतिनिधि एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष रोहित गौर ने बताया मुक्तेश्वर पार्क में 51 पौधों का रोपण कर वार्ड की वरिष्ठ महिलाओं ने उनके संरक्षण का संकल्प लिया।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती यादव ने कहा कि वार्ड 21 के सभी लोग पर्यावरण के प्रति बेहद संवेदशील एवं जागरूक हैं। वार्ड में एक साथ 51 पौधों का रोपण कर ऐतिहासिक कार्य किया है। यह पौधे हमारी आने वाली पीढ़ी के लिए किसी सौगात से कम नहीं है। हमारा पर्यावरण जब तक सुरक्षित है तब तक ही हमारा जीवन भी सुरक्षित है। पर्यावरण सुरक्षित नहीं रहेगा तो हमारा जीवन भी खतरे में आ जाएगा। आपने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया है इसके लिए हम आपके आभारी हैं।

पार्षद प्रतिनिधि श्री गौर ने कार्यक्रम में पधारने पर वार्ड की समस्त महिलाओं और मंडल का आभार व्यक्त किया।

### जिले में अब तक 885 मिमी वर्षा दर्ज

**नर्मदापुरम।** जिले में 1 जून 2025 से आज दिनांक 01 अगस्त को प्रातः 8 बजे तक जिले में 885.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज हुई है। गत वर्ष इसी अवधि में 694.8 मिलीमीटर औसत वर्षा हुई थी। अधीक्षक भू-अभिलेख नर्मदापुरम ने बताया है कि 31 जुलाई से 1 अगस्त 2025 को प्रातः 8 बजे तक तहसील नर्मदापुरम में 6.3 मिलीमीटर, सिवनीमालवा में 0.0 मिलीमीटर, इटारसी में 1.2 मिलीमीटर, माखननगर में 8.0 मिलीमीटर, सोहागपुर में 6.0 मिलीमीटर, पिपरिया में 18.2 मिलीमीटर, बनखेड़ी में 9.6 मिलीमीटर, पचमढ़ी में 6.1 एवं तहसील डोलरिया 0.0 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है।

# बाघ तस्कर कल्ला बावरिया की जमानत फिर से हुई खारिज हाईकोर्ट ने छह माह में ट्रायल पूरा करने का दिया निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कुख्यात बाघ शिकारी और तस्कर आदिन सिंह उर्फ कल्ला बावरिया को एक बार फिर मध्यप्रदेश हाईकोर्ट, जबलपुर से झटका मिला है। अदालत ने उसकी दूसरी जमानत याचिका 30 जुलाई 2025 को खारिज करते हुए नर्मदापुरम की अदालत को निर्देश दिए हैं कि वह मामले की सुनवाई आगामी छह माह के भीतर पूरी कर फैसला सुनाए। इस संबंध में स्टेट टाइगर फोर्स के प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) ने प्रेस नोट जारी कर जानकारी दी है।

आरोपी कल्ला बावरिया पिछले दो वर्षों से केंद्रीय जेल नर्मदापुरम में बंद है। उसने अपनी रिहाई के लिए दो बार हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया, लेकिन दोनों ही बार अदालत ने उसे गंभीर अपराधों में संलिप्त बताते हुए राहत देने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि कल्ला एक संगठित गिरोह का सक्रिय सदस्य है और उस पर बाघों की तस्करी जैसे संगीन आरोप हैं। स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स ने 18 अगस्त 2023 को विदिशा-सागर हाईवे पर ग्यारसपुर के पास से कल्ला बावरिया को गिरफ्तार किया था। वह पंजाब के होशियारपुर जिले के दसुआ गांव का निवासी है। गिरफ्तारी के दौरान उसके पास से बाघ की मूंछों के बाल और नाखून बरामद हुए थे।

### देशभर में था नेटवर्क

बाघ अंगों की तस्करी में लिप्त इस गिरोह के सदस्य तमिलनाडु, महाराष्ट्र, असम और मेघालय में पहले ही गिरफ्तार किए जा चुके हैं। नई दिल्ली स्थित वन्यजीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो से मिले इनपुट के आधार पर स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स की टीम ने कल्ला की गिरफ्तारी को अंजाम दिया। पुलिस और वन विभाग की कार्रवाई से बचने के लिए वह लंबे समय से विदिशा और सागर जिलों में छिपकर रह रहा था।

### नेपाल और महाराष्ट्र में भी दर्ज हैं केस

सरकारी एजेंसियों द्वारा इंटरपोल के जरिए नेपाल से प्राप्त सूचना के अनुसार, वर्ष 2012 में नेपाल में बाघ के शिकार और तस्करी का केस कल्ला बावरिया पर दर्ज है। वहीं महाराष्ट्र में वर्ष 2013 में उसके खिलाफ बाघ के अंगों की तस्करी का मामला सामने आया, जिसमें उसे दोषी करार देते हुए तीन साल की सजा और 10,000 का जुर्माना लगाया गया था। वहीं फिलहाल कल्ला बावरिया और उसके गिरोह के अन्य सदस्य नर्मदापुरम की केंद्रीय जेल में बंद हैं और इस बहुचर्चित मामले की सुनवाई नर्मदापुरम जिला अदालत में चल रही है।

# नपा का शहर में चल रहा है स्वच्छता के लिए अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नगरपालिका द्वारा शहर को साफ स्वच्छ रखने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। लगातार चल रहे स्वच्छता अभियान में अब नागरिक भी भागीदारी करने लगे हैं। कचरा वाहन आने पर कचरा उसी में डाल रहे हैं। लोग अब कचरा वाहन आने का इंतजार करने लगे हैं।

स्वच्छता निरीक्षक अनुराग तिवारी ने बताया कि नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर लगातार नगर में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। जहां कहीं भी कचरे का ढेर होता है उसे तुरंत उठा लिया जाता है। साथ ही जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों का भी निराकरण किया जा रहा है।

फिलहाल जब भी जहां से साफ सफाई की शिकायत आई थी वहां भी जेसीबी और स्वच्छता दूतों की मदद से स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है।



## सिप्रंगडेल्स स्कूल में स्थापना दिवस पर किया पौधरोपण कार्यक्रम

# मनोहारी नृत्य, कविताएं, भाषण, और नाटय मंचन से नन्हे बच्चों ने मोहा दर्शकों का मन, मनाया चैम्प्स-डे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

ईशान परिसर स्थित द चैम्प्स फन स्कूल में दिनांक 1 अगस्त 2025 को विद्यालय का स्थापना दिवस "चैम्प्स डे" समारोह अत्यंत हर्षोल्लास एवं गरिमा के साथ आयोजित हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. अपूर्व पांडे, पी. के. चटर्जी, प्रणोति चटर्जी, मोना चटर्जी प्राचार्य, सप्रिंगडेल्स स्कूल, जूही चटर्जी निदेशक, डॉ. आशीष चटर्जी प्राचार्य तथा एस के मिश्रा उप-प्राचार्य मंचासीन रहे। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय प्रांगण में अतिथियों एवं विद्यार्थियों द्वारा सामूहिक वृक्षारोपण से हुई, जिसमें वैदिक मंत्रोच्चार एवं शंखध्वनि से वातावरण को आध्यात्मिक और





सकारात्मक ऊर्जा से परिपूर्ण किया। वृक्षारोपण के पश्चात मुख्य अतिथियों ने विद्यालय में नवनिर्मित कंप्यूटर लैब, म्यूजिक रूम, स्टेम/रोबोटिक लैब, लैंग्वेज लैब एवं आर्ट स्टूडियो का उद्घाटन किया।

इसके पश्चात रामायण हॉल में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छों एवं तालियों की गूंज के साथ विद्यालय परिवार ने आत्मीय स्वागत किया।

कार्यक्रम की शुरुआत मधुर स्वागत गीत से हुई। इसके बाद विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की और मां सरस्वती से आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके पश्चात एक के बाद एक रंगारंग प्रस्तुतियों का क्रम चला, जिनमें मनोहारी नृत्य, कविताएं, भाषण, और नाट्य प्रस्तुति शामिल थीं। छोटे बच्चों द्वारा प्रस्तुत फैंसी ड्रेस, पर्यावरण गीत तथा वातावरण से जुड़ी गतिविधियाँ दर्शकों के आकर्षण का केंद्र रहीं। अपने उद्बोधन में डॉ अपूर्व पांडे ने विद्यालय की उपलब्धियों को महान बताया तथा नर्मदापुरम में इतनी अधिक गुणवत्ता के विद्यालय संचालन हेतु प्रबंधन को धन्यवाद दिया।

प्राचार्य डॉ आशीष चटर्जी ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों की सफलता और अभिभावकों के आशाओं के प्रति विद्यालय परिवार की प्रतिबद्धता दर्शाई। इस संपूर्ण समारोह का कुशल संचालन स्नेहा राजपूत एवं खुशी पटेल ने किया।

# समेरिटंस स्कूल में एनसीसी कैडेट्स को बांटे ए प्रमाण पत्र



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

13 मध्यप्रदेश बटालियन से संबद्ध समेरिटंस स्कूल के 2023 के जूनियर डिविजन के एनसीसी केडेट्स को शुक्रवार को संस्था डायरेक्टर डा आशुतोष कुमार शर्मा ने ए प्रमाण पत्र वितरित किए।उन्होंने एनसीसी केडेट्स को बताया कि आज आपने एनसीसी का दो वर्ष का जो प्रशिक्षण प्राप्त किया है उसे आगे भी बरकरार रखना। एकता और अनुशासन की सीख जो आपने एनसीसी से ली है उसका पालन हमेशा करना। कार्यक्रम में प्राचार्य श्रीमती प्रेरणा रावत, कॉर्डिनेटर आरके सिंह, सेकेंड अफसर विजय प्रकाश श्रीवास्तव, एनसीसी मैनेजर प्रदीप यादव, उप प्राचार्य आरके रघुवंशी, एक्सिक्यूटिव आफिसर विक्रांत खंपरिया, एनसीसी केयर टेकर आफिसर स्नेहा उपाध्याय विशेष रूप से उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### केंद्रीय राज्य मंत्री दो दिन के बैतूल प्रवास पर

**बैतूल।** केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उइके 2 अगस्त से दो दिवसीय दौरे पर बैतूल जिले में रहेंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार वे 2 अगस्त को प्रातः 10 बजे बैतूल बाजार स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में आयोजित प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके उपरांत वे जिले में आयोजित अन्य स्थानीय कार्यक्रमों में भी भाग लेंगे। दूसरे दिन 3 अगस्त को भी केंद्रीय मंत्री श्री उइके विभिन्न स्थानीय कार्यक्रमों में उपस्थित रहेंगे। केंद्रीय मंत्री श्री उइके 4 अगस्त को बैतूल से नागपुर के लिए रवाना होंगे।

### किसान सम्मान निधि वितरण कार्यक्रम आज

**बैतूल।** प्रधानमंत्री आज 2 अगस्त को बनारस से किसान सम्मान निधि की 20वी किस्त प्रदान करेंगे। इस सबंध में जिला स्तरीय कार्यक्रम दीप्ती मेरिज लॉन बैतूल बाजार में केन्द्रीय मंत्री दुर्गादास उइके जनजातिय कार्य मंत्रालय भारत सरकार की अध्यक्षता में प्रातः 10:00 बजे से आयोजित है। कार्यक्रम के दौरान कृषि वैज्ञानिको के साथ कृषको की परिचर्चा भी आयोजित की जावेगी। किसान सम्मान निधि की इस किस्त वितरण से जिले के 265734 कृषको को 53.14 करोड़ रूपये की राशि प्राप्त होंगी। कृषि विभाग ने सभी कृषको से कार्यक्रम में सहभागीता करने का आग्रह किया गया है।

### शराब के नशे में वृद्धा ने लगाई फांसी

**बैतूल।** बैतूल के थावड़ी में एक वृद्धा ने बीती रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतिका रामकली पति कुशा धुर्वे पिछले चार-पांच दिन से लगातार शराब पी रही थी। रात को खाना खाने के बाद जब परिवार के सभी सदस्य सो गए, तब उसने घर में ही फांसी लगा ली। रात में किसी परिजन के जागने पर उन्होंने रामकली को फांसी पर लटका देखा। इसके बाद पड़ोसियों और बैतूल बाजार पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। पुलिस ने रात में ही मृतिका का शव उतरवा कर रख दिया था। आज सुबह शव को जिला अस्पताल भेजा गया, जहां पोस्टमार्टम किया गया। परिजनों के अनुसार, वह नागपंचमी के पहले से ही शराब पी रही थी। रात को भी वह शराब के नशे में थी। परिजन आत्महत्या का कारण नहीं बता पा रहे हैं। मृतिका के दो बेटे हैं, जो उसके साथ ही रहते हैं। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### पौधे लगाना हमारा कर्तव्य ही नहीं आवश्यकता भी है

**सीहोर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुरूप भारतीय जनता पार्टी पंचायती राज्य प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष पं. महेश दुबे के नेतृत्व में वृक्षारोपण अभियान प्रारंभ किया गया। जिसका शुभारंभ पुराना अध्यक्ष निवास, शिवमंदिर परिसर में फल, फूल एवं औषधीय पौधे रोपित किये गये। इस मौके पर श्री दुबे ने उपस्थितजनों को पौधे रोपित करने के साथ ही पर्यावरण का संकल्प दिलाया।

---

### बैतूल की मिट्टी में जिंक, सल्फर व नाइट्रोजन की भारी कमी, 70% सैंपल फेल

# किसान नहीं कराते मिट्टी का परीक्षण रासायनिक खाद छीन रहे पोषक तत्व

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बैतूल

जिले की कृषि योग्य भूमि की मिट्टी में पोषक तत्वों की लगातार कमी होती जा रही है। यहां मिट्टी परीक्षण में जिंक-सल्फर और नाईट्रोजन की भारी कमी सामने आई है, जो कि चिंता का कारण बनी हुई है। अगर जमीन के पोषक तत्वों को ध्यान में रखते हुए खेती नहीं हुई तो आने वाले दिनों में इसका विपरीत प्रभाव देखने को मिलेगा। मिट्टी परीक्षण केन्द्र से मिली जानकारी के मुताबिक मिट्टी के 100 सैंपलों में से 70 प्रतिशत सैंपलों में जिंक-सल्फर और नाईट्रोजन की कमी पाई गई है। हालांकि कृषि विभाग हर वर्ष समस्या के समाधान के लिए लगातार किसानों को खेतों पर खरपतवार नहीं जलाने, रासायनिक खाद के बजाय जैविक खाद का प्रयोग करने व बुवाई से पहले मृदा परीक्षण कराने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है, लेकिन अभी वांछित सफलता नहीं मिली है।

बता दे कि मिट्टी में कार्बन, हाइड्रोजन, ऑक्सीजन, नाइट्रोजन, फास्फोरस, पोटाश, कैल्सियम, मैग्नीशियम, सल्फर, जिंक, आयरन, कॉपर, बोरान, मैगनीज, मोलिबडनम, क्लोरीन व जिंक सल्फर सहित कुल 16 पोषक तत्व होते है, जो सभी प्रकार के पौधे और फसलों के जीवनचक्र के लिए जरुरी है। इसमें यदि किसी भी पोषक तत्व की कमी रह जाती है, तो फसल की पैदावार कम होती है। जिंक की कमी से पौधे की नीचे की पत्तियां पीली पड़ जाती हैं, लाल धब्बे भी हो जाते हैं, जिसके कारण पौधा सूर्य की किरणों से अपना पर्याप्त



भोजन प्राप्त नहीं कर पाता है और उत्पादन पर असर पड़ता है।

#### बिना मिट्टी परीक्षण के खाद का उपयोग

कृषि के क्षेत्र में अधिकतर किसान बिना मिट्टी परीक्षण के बोनी करते हैं। ऐसे में फसल उत्पादन पर भी इसका असर पडऩे लगा है। किसान मिट्टी परीक्षण किए बिना अंदाज से रासायनिक उर्वकों का सबसे ज्यादा उपयोग करते हैं। जबकि किसी भी पोषक तत्व की अधिकता फसलों के लिहाज से ठीक नहीं है। जिले की मिट्टी में पोटाश की अधिकता पाई गई है, जो चिंता का कारण बनते जा रही है। रासायनिक उर्वरकों का बिना विशेषज्ञ और जांच के अंधाधुंध प्रयोग किया जा रहा है। साल-दर-साल धरती में घटते पोषक तत्वों से फसल उत्पादन पर भी इसका सीधा असर देखने को मिल रहा है। पोषक तत्वों का संतुलन बिगडऩे से फसलों पर भी विपरीत प्रभाव देखने को मिलता है। किसानों को इस ओर ध्यान देने की जरूरत है। अधिक उत्पादन के पीछे दौड़ते हुए किसानों को रासायनिक उर्वरकों का उपयोग संतुलित मात्रा में करना चाहिए।

#### इनका कहना है

4 महीने के भीतर लगभग 2200 मिट्टी सैंपलों की जांच हुई, जिसमें जिंक-सल्फर और नाईट्रोजन पोषक तत्वों कमी पाई है। 70 प्रतिशत सैंपलों में पोटाष की मात्रा अधिक पाई है।

**- चन्द्रशेखर चौधरी,** सहायक भू सर्वेक्षण अधिकारी, बैतूल

#### 4 महीने में 2200 सैंपलों की जांच

प्राप्त जानकारी के मुताबिक बैतूल बाजार मिट्टी परीक्षण केन्द्र पर अप्रैल से लेकर अब तक इस चार माह के भीतर में 2200 सैंपलों की जांच हुई है। इन सैंपलों की जांच में पोटाश की अधिकता पाई गई है। कृषि वैज्ञानिकों का कहना है, मिट्टी में किसी भी पोषक तत्व की अधिकता अच्छी नहीं है। किसान मिट्टी परीक्षण के बाद ही आवश्यकतानुसार खेतों में उर्वरकों का उपयोग करें। लेकिन कृषि वैज्ञानिकों की माने तो किसान फसल उत्पादन बेहतर प्राप्त करने के लिए बड़े स्तर पर रासायनिक खादों का प्रयोग ज्यादा करते है, लेकिन जिंक, सल्फर नहीं डाल रहा है। क्योंकि ज्यादातर खादों में जिंक की मात्रा कम होती है या नहीं होती है। जिसके लिए किसानों को अलग से इसका प्रयोग करना होता है, जो नहीं हो रहा है।

#### ढाई लाख किसान, कम ही कराते है मिट्टी परीक्षण

वैसे तो जिले में करीबन 3 लाख हेक्टेयर भूमि में खेती होती है। जिसमें करीब ढाई लाख किसान खरीफ, रबी सहित अन्य फसल के अलावा सब्जियों का उत्पादन लेते है। लेकिन ढ़ाई लाख किसानों में से कम ही ऐसे किसान है जो मिट्टी का परीक्षण कराते है। बैतूल बाजार के सहायक भू सर्वेक्षण अधिकारी चंद्रशेखर चौधरी ने बताया कि क्षमता के अनुरूप हर साल करीब दस हजार मिट्टी के नमूनों की जांच की जाती है। जिसमें बैतूल जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जिंक, सल्फर की कमी सामने आई है। जिसके पीछे कारण यह है कि किसान सिर्फ डीएपी और यूरिया ही खेतों में डालते हैं। जिससे मिट्टी में सिर्फ नाइट्रोजन और फास्फेट की ही कमी पूरी हो पाती है। शेष पोषक तत्व के लिए किसानों द्वारा कोई प्रयास नहीं किया जाता है। जिससे मिट्टी की उर्वरक शक्ति कम होते जा रही है।

---

### गाय को पहुंचाया नुकसान

## धार के पास तेंदुए का मूवमेंट विभाग की निगरानी तेज



**बैतूल/भौंरा।** भौंरा वन परिक्षेत्र में तेंदुए की मूवमेंट मिली है। यहां जंगल में तेदुए ने एक गाय का भी नुकसान पहुंचाया। जिसकी सूचना मिलते ही वन विभाग का अमला मौके पर पहुंचा और प्रकरण बनाकर मुआवजे की कार्रवाही कर रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार धार के आसपास तेंदुए का मूवमेंट मिला है। रेंजर श्री तिवारी ने बताया कि बुधवार रात तेंदुए ने एक गाय को नुकसान पहुंचाया है। फिलहाल वन विभाग द्वारा तेंदुए की निगरानी की जा रही है। वहीं ग्रामीणों को सलाह दी है कि वे रात्रि में जंगल एरिया में न जाये। इसके अलावा वन विभाग भी लगातार तेंदुए की निगरानी कर रहा है।

### तीन डीएफओ बदले

## विजयानंतम धार, यादव सागर सचिन का पांढुरना तबादला

**बैतूल।** लंबे इंतजार के बाद वनवृत बैतूल के तीन डीएफओ के तबादला आदेश आखिर राज्य शासन ने जारी कर दिए हैं। वन व्रत में दक्षिण, पश्चिम और उत्पादन के वनमंडल अधिकारीयों के तबादले अन्य जिलों में किये गए हैं। गौरतलब है कि तीन वन अधिकारियों के तबादले तो कर दिए गए, लेकिन इनकी जगह एकमात्र आईएफएस की ही पदस्थापना बैतूल जिले के वनवृत में की गई है जो कि छिंदवाड़ा से स्थानांतरित होकर अब पश्चिम वनमंडल की कमान संभालेंगे। बताया रहा है कि दक्षिण वनमण्डल और उत्पादन वृत में जब तक किसी आईएफएस की पदस्थापना नहीं हो जाती, तब तक किसी अन्य अधिकारी को प्रभार सौंपा जा सकता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 31 जुलाई 2025 को जारी आदेश के मुताबिक पश्चिम वनमंडल में पदस्थ आईएफएस वरुण यादव को दक्षिण वन मण्डल सामान्य सागर जिले में स्थानांतरित किया गया है। इसी तरह दक्षिण वन मंडल की कमान संभाल रहे आईएफएस टीआर विजयानंतम को सामान्य वनमण्डल धार जिले की कमान सौंपी गई है। यह दोनों ही वर्ष 2018 बैच के अधिकारी हैं। व्रत के अंतर्गत उत्पादन में पदस्थ वर्ष 2020 बैच के अधिकारी सचिन एच नदगड़ी को सामान्य वनमण्डल पांढुर्णा जिला भेजा गया है। तीन आईएफएस के तबादले जिले के बाहर होने के बाद वृत में एकमात्र आईएफएस की ही आमद हो पाई है। वर्ष 2017 बैच के आईएफएस लक्ष्मीकांत वासनिक को सामान्य वन मण्डल छिंदवाड़ा से स्थानांतरित कर वन वृत बैतूल के पश्चिम वन मण्डल में पदस्थ किया गया है।

---

## ग्रामवासियों ने किया सेवानिवृत्त शिक्षिका का विदाई समारोह



**बैतूल।** शिक्षक का गरिमापूर्ण कार्य, समाज पर जिसका उपकार है। शिक्षक जग में ज्ञान का सदा संचार करता है। शिक्षक बच्चों का दर्पण होता है। ग्राम कुम्हारटेक के ग्राम वासियों ने सेवानिवृत्ति पर प्राथमिक शिक्षिका श्रीमती जगवंता मर्सकोले को भावभीनी बिदाई दी गई। श्रीमती जगवंता मर्सकोले शिक्षिका ने प्राथमिक शाला कुम्हारटेक में प्रथम नियुक्ति से एक ही स्थान पर रह कर 27 वर्ष तक ग्राम कुम्हारटेक में शैक्षणिक कार्य किया। ग्रामवासी कुम्हारटेक उनके शैक्षणिक कार्य और छात्र हित में किए गए अभूतपूर्व सराहनीय कार्य से अभिभूत थे। जैसे ही ग्रामवासियों को पता चला की शिक्षिका श्रीमती जगवंता मर्सकोले सेवानिवृत्ति होने जा रही है तो ग्रामवासियों कुम्हारटेक ने उनके सेवानिवृत्त होने के अवसर पर शाला प्रागंण में सुन्दरकाण्ड का पाठ कर भव्य बिदाई समारोह आयोजित किया। इस मौके पर श्रीमती मर्सकोले ने बच्चों को प्रतिदिन स्कूल आने और पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने के लिए कहा गया। कार्यक्रम में शिव पटेल यादव, मुख्य अतिथि श्रीराम मर्सकोले सरपंच कुम्हारटेक, लक्ष्मण पटेल यादव पूर्व सरपंच खण्डारा, गोकुल पटेल पूर्व सरपंच कुम्हारटेक, प्रधान पाठक पीआर धुर्वे, एवं शिक्षक प्रदीप रघुवंशी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक राजेन्द्र प्रसाद साहू द्वारा व आभार प्रधान पाठक पीआर धुर्वे ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में समस्त ग्रामवासी कुम्हारटेक, संस्था के बच्चे एवं संकुल खण्डारा के शिक्षक उपस्थित थे।

## युवा संगम के तहत रोजगार मेला 13 को

**बैतूल।** जिला रोजगार कार्यालय, आईटीआई व जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र बैतूल संयुक्त तत्वावधान में युवा संगम के तहत जिला स्तरीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला 13 अगस्त को शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सदर में आयोजित किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि प्रातः 11 बजे से आयोजित रोजगार मेले में 9 प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। उन्होंने सभी युवाओं से रोजगार मेले में उपस्थित होने का अनुरोध किया है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि रोजगार मेले में मेधावी एस्पायर प्राइवेट लिमिटेड पुणे में उत्पादन एवं गुणवत्ता के 80 पदों के लिए योग्यता 10वीं, 12वीं, स्नातक, आईटीआई डिप्लोमा होना अनिवार्य है। कुलोदय टेक्नोपैक प्राइवेट लिमिटेड दमन गुजरात में मशीन ऑपरेटर, मैकेनिक हेल्पर के 100 पदों, यशस्वी ग्रुप भोपाल में अप्रेंटिस के 50 पदों, वर्धमान फैब्रिक प्राइवेट लिमिटेड बुधनी में मशीन ऑपरेटर के 100 पदों के लिए योग्यता आठवीं, दसवीं, बारहवीं, आईटीआई होना अनिवार्य है। जेके बायो एग्रीटेक प्राइवेट लिमिटेड भोपाल में सेल्स एग्जीक्यूटिव के 20 पदों, आरएफएमआई ग्रुप भोपाल में सेल्स एग्जीक्यूटिव, फील्ड मैनेजर के 50 पदों के लिए योग्यता 10वीं, 12वीं स्नातक होना अनिवार्य है। इसी तरह क्वेस कॉर्प प्राइवेट लिमिटेड पुणे में मशीन ऑपरेटर के 50 पदों के लिए योग्यता दसवीं, बारहवीं, आईटीआई, डिप्लोमा तथा पीएनजी प्राइवेट लिमिटेड मंडीदीप में मशीन ऑपरेटर के 20 पदों के लिए योग्यता 10वीं, 12वीं, आईटीआई होना अनिवार्य है। शक्ति मोटर्स मुलतापी प्रालि में सेल्स एग्जीक्यूटिव, सेल्स मैनेजर, मैकेनिक हेल्पर के 25 पदों के लिए योग्यता आठवीं से स्नातकोत्तर है।

### विश्व स्तनपान सप्ताह का किया शुभारंभ

## प्रसूताओं को समझाइश के साथ दी हिदायत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बैतूल




जिला चिकित्सालय बैतूल के नवीन एमसीएच भवन में गुरूवार को स्तनपान सप्ताह का शुभारंभ मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत गौला सरपंच गजानंद गावंडे एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज कुमार हुरमाड़े द्वारा किया गया। इस अवसर पर सरपंच गजानंद गावंडे ने कहा कि विश्व स्तनपान दिवस एक बहुत ही महत्वूपर्ण कार्यक्रम हैं। उन्होंने प्रसूता माताओं को समझाइश दी कि वे शिशु को स्तनपान अवश्य करावें, स्तनपान से बच्चे शारीरिक रूप से स्वस्थ एवं बलवान होंगे। साथ ही उन्होंने माताओं को पौष्टिक आहार सेवन करने की सलाह दी, ताकि मॉ और बच्चे स्वस्थ रह सकें। सीएमएचओ डॉ मनोज कुमार हुरमाड़े ने बताया कि प्रति वर्ष 1 से 7 अगस्त तक स्तनपान सप्ताह के रूप में मनाया जाता है, इस वर्ष की थीम स्तनपान में निवेश, भविष्य में निवेश है, इसका मुख्य उद्देश्य माताओं और शिशुओं के स्वास्थ्य में सुधार करना है, विशेष रूप से स्तनपान को सक्रिय रूप से बढ़ावा देकर शिशु मृत्यु दर को घटाना है। मॉ का दूध शिशु का प्रथम टीका होता है। मां का कर्तव्य है कि जितनी जल्दी हो सके शिशु को एक घण्टे के अंदर स्तनपान कराए, यह अमृत तुल्य है, यह कई बीमारियों से सुरक्षा करता है, बच्चों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रखता है, रोगों से लडने की क्षमता प्रदान करता है, मॉ के दूध में इनती शक्ति होती है कि दुनिया में कोई टानिक ऐसा नहीं बना जो मॉ के दूध से अच्छा हो। छः माह तक शिशु को स्तनपान ही करवायें इसके अलावा कोई भी ऊपरी आहार न देवें, माताऐं बच्चों को दो वर्ष तक स्तनपान करवा सकती हैं।

उन्होंने उपस्थित नर्सिग ऑफीसर को प्रसूता माताओं को स्तनपान कराने की लगातार काउसंलिंग करने हेतु एवं आशा कार्यकर्ताओं को प्रसव पूर्व एवं प्रसव पश्चात लगातार माताओं को समझाइश देने हेतु कहा। डॉ हुरमाडे ने उपस्थित प्रसूताओं को दो बच्चों में अंतर रखने एवं दो बच्चों के बाद परिवार नियोजन कार्यक्रम अपनाकर अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को सुदृण करने हेतु समझाइश दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक द्वारा जन्म के तुरंत बाद स्तनपान कराने हेतु प्रसूता माताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान किये, साथ ही पीएनसी वार्ड में भर्ती प्रसूताओं को भी महिला चिकित्सक एवं नर्सिंग ऑफीसर द्वारा प्रमाण-पत्र वितरित किए गए।

---

## आरडी पब्लिक स्कूल के शिक्षक ने राष्ट्रीय स्तर पर लहराया परचम

### पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में जीते स्वर्ण, रजत, कांस्य पदक



**बैतूल।** गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान आर.डी. पब्लिक स्कूल बैतूल में स्कूल की डायरेक्टर श्रीमती ऋतु खण्डेलवाल के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास के साथ ही समग्र विकास के लिए खेलकूद सहित विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रहीं है। परिणामस्वरूप आर.डी.पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी देश के ख्यातिनाम तकनीकि, मेडीकल सहित अन्य उच्च शैक्षणिक संस्थाओं में प्रवेशित होने के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भी उत्कृष्ठ सफलता हासिल कर रहे है। शिक्षा और खेल के क्षेत्र में आर.डी.पब्लिक स्कूल की उत्कृष्ठता के चलते यहां के शिक्षक भी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर स्कूल और जिले का नाम रौशन कर रहे है। राजस्थान के झालावाडा में आयोजित राष्ट्रीय पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में आर.डी. पब्लिक स्कूल बैतूल के विज्ञान शिक्षक और वेटलिफ्टर कौशिक मेहरा ने स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीतकर सफलता का परचम लहराया। पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में राष्ट्रीय स्तर पर ऐतिहासिक सफलता हासिल करने वाले वेटलिफ्टर कौशिक मेहरा आर.डी.पब्लिक स्कूल बैतूल में विज्ञान के शिक्षक है। इस उत्कृष्ठ सफलता के लिए श्री मेहरा को आर.डी.पब्लिक स्कूल की डायरेक्टर श्रीमती ऋतु खण्डेलवाल सहित शिक्षकों और विद्यार्थियों ने शुभकामनाएं दी है। आर.डी.पब्लिक स्कूल के विज्ञान शिक्षक कौशिक मेहरा द्वारा राष्ट्रीय पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण, रजत और कांस्य पद हासिल करने पर स्कूल की डायरेक्टर ऋतु खण्डेलवाल ने बधाई दी।

### 120 लोगों ने किया रक्तदान, नपा ने दिया प्रशंसा पत्र

# नपा परिसर के रक्तदान शिविर में अधिकारियों कर्मचारियों और आमजनों ने लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बैतूल



जिला अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में रक्त की कमी दूर करने के लिए शुक्रवार को नगरपालिका परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में नगरपालिका कर्मचारियों, सामाजिक संस्थाओं और आमजनों ने पहुंचकर स्वैच्छिक रक्तदान किया। सुबह करीब 10 बजे रक्तदान शिविर की शुरूआत की गई।

जिसमें नगरपालिका सीएमओ सतीष मटसेनिया, जिला अस्पताल के डॉक्टर, नपा कर्मचारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे। शिविर में शाम करीब 4 बजे तक 120 लोग रक्त का दान का चुके है। दरअसल आदिवासी बाहुल्य जिले बैतूल में रक्त की कमी न हो, इसके लिए यह शिविर आयोजित किया गया था। जिसमें नगरपालिका के अधिकारियों-कर्मचारियों के अलावा सामाजिक संस्थाओं और आमजनों ने बढ़-चढकर रक्तदान किया। बताया जा रहा है कि रक्तदान शिविर में नगरपालिका सीएमओ सतीष मटसेनिया ने स्वयं रक्तदान कर शिविर की शुरूआत की। जिसके बाद नगरपालिका कर्मचारियों ने अपनी स्वेच्छा से न सिर्फ रक्तदान किया, बल्कि अन्य लोगों को भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित कर रक्तदान कराया। इस दौरान 120 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया, जो जिला अस्पताल में बहुत हद तक रक्त की कमी को दूर करने में सार्थक साबित होगा। शिविर में अधिकारी, कर्मचारियों के साथ शहर के अन्य लोगों ने भी रक्तदान किया। वहीं शिविर के दौरान हरित महाअभियान के तहत फलदार पौधों का भी वितरण किया गया। चिकित्सकों का कहना है कि यदि सभी लोग इसी तरह से रक्तदान करते रहे तो ब्लड बैंक में रक्त की कमी नहीं आएगी।

### नगर परिषद ने किया पौधरोपण




**बैतूल।** अमृत हरित अभियान के तहत नगर परिषद द्वारा नगर में वृक्षारोपण किया गया। शर्मीला बिलावर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं सोमनाथ राय जिला विधिक सहायता अधिकारी बैतूल बाजार नगर परिषद पहुंचे जिनका सीएमओ विजय तिवारी और जनप्रतिनिधियों ने स्वागत किया। शर्मीला बिलावल ने मालवीय वार्ड स्थित मोक्षधाम में वृक्षारोपण किया। इस वृक्षारोपण कार्यक्रम में सामुदायिक भवन सहित अन्य स्थलों पर 120 पौधे लगाए गए। इस दौरान सीएमओ विजय तिवारी,वालंटियर मधुबाला फूलकर, परिषद के जनप्रतिनिधि,आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं सहित परिषद के कर्मचारी उपस्थित थे।

### फसल बीमा की तारीख़ बढ़ी किसान 14 अगस्त तक करवा सकते हैं अपनी फसलों का बीमा

**बैतूल।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत 1 जुलाई से प्रारंभ हो चुका है। फसल बीमा करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई से बढ़ा के अऋणी कृषकों के लिए 14 अगस्त एवम्‌ ऋणी कृषको के लिए 31अगस्त तक बढ़ा दी गई है। कृषक को द्वारा दिए गए प्रीमियम राशि सोयाबीन 840 रुपए मक्का 722 रुपए धन सिंचित 814 धन सिंचित 651 रुपए अरहर 735 रुपए प्रति हेक्टेयर है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत बीमा करने के लिए इच्छुक अरणी कृषक भाई अपनी निकटतम बैंक शाखा सरकारी समिति अधिकृत चैनल एवं जन सेवा केंद्र एवं कृषक स्वयं भी राष्ट्रीय फसल बीमा पोर्टल पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर योजना से जुड़ सकते हैं और इन्हीं कृषकों के फसल बीमा करवाने के लिए आवश्यक दस्तावेज बैंक पासबुक फसल बुवाई प्रमाण पत्र आधार कार्ड वही एवं बटाईदार किसान या किराए पर ली गई भूमि के लिए मौलिक द्वारा शपथ पत्र प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य है जिले की किसान भाइयों से अनुरोध है कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में जुड़कर योजना का लाभ उठाएं।

## संक्षेप खबर

### झा बने मप्र राज्य पंचायत परिषद के सचिव



**माखन नगर।** सरपंच संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष एवं गनेरा ग्राम पंचायत के सरपंच कृष्ण कुमार झा को मध्य प्रदेश राज्य पंचायत परिषद के प्रदेश अध्यक्ष अशोक सिंह सेंगर ने संगठन में मध्य प्रदेश का सचिव मनोनीत किया है एवं अपेक्षा की है कि अपने जिला अंतर्गत संगठन को मजबूत करने में ईमानदारी निष्ठा एवं लगन के साथ कार्य करेंगे व संगठन को शक्ति प्रदान करने के साथ-साथ समय पर अपना योगदान व सुझाव देते रहेंगे झा की नियुक्ति पर विधायक विजयपाल सिंह एवं जनपद पंचायत क्षेत्र के समस्त सरपंचो ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

### सेवानिवृत्ति पर सम्मान समारोह का आयोजन

**माखन नगर।** शासकीय हाई स्कूल सांगा खेड़ा खुर्द के वरिष्ठ शिक्षक संतोष सिंह राजपूत ने अपनी शासकीय सेवा की अर्धवार्षिक आयु पूर्ण कर शासकीय सेवा से सेवानिवृत हुए। उनकी सेवानिवृत्ति के अवसर पर एक गरिमा मय कार्यक्रम का आयोजन ग्राम के वरिष्ठ समाजसेवी रमेश कुमार पालीवाल की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस अवसर पर जन शिक्षा केंद्र लाल के शिक्षकों के द्वारा उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

### ग्रामीणों ने कहा, इनकम कम है, अब ऐसे में बिल भरें कि पेट

# ग्रामसभा में नहीं पहुंचे बिजली विभाग के अधिकारी, ग्रामीणों ने किया घेराव

स्मार्ट मीटर की खूबियां बताने ग्राम पंचायत सोनासांवरी पहुंचे बिजली अधिकारियों को मुश्किलों का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों ने यह कहते हुए विरोध किया कि अधिकारी केवल स्मार्ट मीटर की खूबियां बताने तक सीमित रहे, हमारी समस्याओं को किसी ने नहीं सुना।



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

स्मार्ट मीटर की खूबियां बताने ग्राम पंचायत सोनासांवरी पहुंचे बिजली अधिकारियों को मुश्किलों का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों ने यह कहते हुए विरोध किया कि अधिकारी केवल स्मार्ट मीटर की खूबियां बताने तक सीमित रहे, हमारी समस्याओं को किसी ने नहीं सुना। जिन लोगों के अधिक बिल आ रहे हैं, वे अपनी समस्या लेकर पहुंचे, लेकिन अधिकारियों ने सिरे से खारिज कर दिया, इसलिए ग्रामीणों का गुस्सा चरम पर पहुंच गया और उन्होंने आमसभा का बहिष्कार कर दिया।

### तहसीलदार की गाड़ी घेर ली

ग्राम पंचायत भवन से जब बिजली विभाग की टीम तहसीलदान शक्ति सिंह तोमर के साथ निकली तो ग्रामीणों ने उनके वाहन को घेर लिया और रोड जाम करके नारेबाजी शुरु कर दी। ग्रामीणों ने बिजली विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। सूचना पर पुलिस पहुंची और टीआई गौरव बुंदेला ने भी ग्रामीणों को समझाने का प्रयत्न किया। ग्रामीण किसी हालत में मानने को तैयार नहीं थे, उनकी एक ही मांग थी कि स्मार्ट मीटर से बिल ज्यादा आ रहे हैं, स्मार्ट मीटर निकाले जाएं। ग्रामीणों में महिलाओं की संख्या अधिक थी, उनको महिला पुलिस के माध्यम से कंट्रोल किया।

### बिल भरें कि पेट

एक महिला पूजा भगोरिया ने कहा कि वह झाड़ू पोंछे का काम करके दस हजार रुपए माहवार कमाती है और उनका बिजली का बिल ही पांच हजार रुपए आया है। ऐसे में बिल भरे कि पेट? यहां अधिकारियों को अपनी पीड़ा बताने आये तो अधिकारी केवल स्मार्ट मीटर की खूबियां बताने में इंटरेस्ट ले रहे थे, हमारी समस्या सुनने या स्मार्ट मीटर की खामियां सुनने में उनकी कोई रुचि नहीं थी।

### बिल भरने के घंटों बाद चालू की लाइट

ग्राम पंचायत क्षेत्र में रहने वाले कृष्ण कुमार मालवीय ने कहा कि उनके यहां स्मार्ट मीटर लगा है, उनका बिल नहीं भरने पर मीटर बंद कर दिया। रात 9:30 बजे बिल जमा किया, लेकिन लाइन दूसरे दिन दोपहर 1 बजे चालू की गई। ग्रामीण घनश्याम पटेल ने कहा कि स्मार्ट मीटर में कई खामियां हैं, जिनको बताने हम आये तो यहां अधिकारियों ने हमारी नहीं सुनीं, वे तो केवन अपनी ही चलाते रहे। वे स्मार्ट मीटर को सही साबित करने पर तुले थे, न तो हमारी समस्याओं को सुनने में कोई रुचि थी और ना ही उनको हमारी बात सुनना था। इस तरह से एकतरफा बात करने वे आमसभा लगाने आए थे, हमारी नहीं सुनी गई, अब हम ऊपर तक अपनी बात पहुंचाने के लिए जाएंगे।

#### इनका कहना है

तहसीलदार साहब की गाड़ी को ग्रामीणों ने घेर लिया था। महिलाएं आगे थीं, महिला पुलिस के माध्यम से कंट्रोल करना पड़ा। हमने तो कहा था कि यदि आप संतुष्ट नहीं है तो आपको एसडीएम से मिलवा देते हैं, तहसीलदार की गाड़ी रोकने का कोई औचित्य नहीं है। समझाने पर ग्रामीणों ने रास्ता दिया।

गौरव सिंह बुंदेला, टीआई

## अन्नदाताओं समस्या को लेकर पूर्व सीएम ने मुख्यमंत्री से की अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने वर्तमान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से सोहागपुर क्षेत्र में मूंग खरीदी दौरान किसानों को होती समस्याओं के निराकरण की मांग की है। उक्ताशय का एक पत्र पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने डॉ. मोहन यादव को लिखा है। दरअसल पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने यह पत्र नर्मदापुरम के पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष पुष्पराज पटेल द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री को लिखे गए पत्र के बाद डॉ. मोहन यादव को भेजा है। पुष्पराज पटेल के पत्र में उल्लेख है कि के अनुसार पत्र में सिंह ने लिखा है कि नर्मदापुरम जिले में मूंग खरीदी केन्द्रों की कमी के कारण किसानों को समस्या हो रही है। पटेल ने अपने पत्र में बिंदुवार किसानों की समस्याओं का उल्लेख किया है।

जिसके अनुसार जिन किसानों की स्लॉट बुकिंग की तारीख निकल गई है, उनकी स्लॉट बुकिंग दोबारा होनी चाहिए। मप्र में समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी की अंतिम तारीख सात अगस्त से बढ़ाकर 25 अगस्त करने तथा जिला नर्मदापुरम में डीएपी खाद की कमी दूर करने का अनुरोध भी किया गया है।

## अभी भी धान के खेतों में भरा नर्मदा व सहायक नदियों की बाढ़ का पानी



**सोहागपुर।** सोहागपुर क्षेत्र में अभी बारिश बंद है। लेकिन इसके पूर्व हुई लगातार बारिश से नर्मदा तथा सहायक नदियों में आई बाढ़ का पानी खेतों तक पहुंच गया था। बरसात थम गई है लेकिन अभी भी धान के सैकड़ों खेतों में बाढ़ का पानी भरा है। क्षेत्रीय किसानों के अनुसार प्रशासन को बाढ़ प्रभावित खेतों का सर्वे खेतों से निकलने के पहले करना चाहिए। यदि सर्वे होता है तो यह किसानों के हित में उचित प्रशासनिक कदम से हो सकता है। जरूरी है कि अधिकारी इस ओर ध्यान दें।

## एक से सात अगस्त तक मनाया जाएगा विश्व स्तनपान सप्ताह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर में एक से सात अगस्त तक विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया जाएगा। इस वर्ष की थीम 'इन्वेस्ट इन ब्रेस्ट फीडिंग, इन्वेस्ट इन फ्यूचर' है। प्रशासन के आदेशानुसार सप्ताह में प्रसूति गृह, एसएनसीयू, एनआरसी में भर्ती महिलाओं तथा आंगनवाड़ी केंद्रों में गर्भवती व धात्री माताओं को संदेश देना है कि छह माह तक शिशुओं को स्तनपान कराएं। वहीं स्तनपान संबंधी जानकारी सत्रों में दी जाएगी। मंगलवार व शुक्रवार को ग्राम स्वास्थ्य तथा पोषण दिवस में माताओं को स्तनपान बावत समझाया जाएगा। अस्पतालों में नवजात शिशु को जन्म के तुरंत बाद स्तनपान कराने के लिए महिलाओं को प्रेरित किया जाएगा।

### होंगे सम्मेलन

गांवों में सास-बहू सम्मेलन में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा, एएनएम तथा सीएचओ महिलाओं को स्तनपान बावत जानकारी देंगी। सहयोगिनी समूह की बैठकों में स्तनपान संबंधी अंधविश्वास और कुरीतियों को दूर करने संदेश दिए जाएंगे। स्तनपान सप्ताह का आयोजन स्वास्थ्य विभाग सहित महिला एवं बाल विकास, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, ग्रामीण आजीविका मिशन और आदिम जाति कल्याण विभाग के साथ अंतर्विभागीय समन्वय से किया जाएगा।

## कागजों पर गोशाला में बंद मवेशी, सड़कों पर घूमता सच, रात में सोहागपुर ब्लॉक क्षेत्र में सड़कों पर घूम रहे सैकड़ों मवेशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ शोभापुर

नर्मदापुरम कलेक्टर सोनिया मीना ने गत माह ने सख्त आदेश दिए थे कि जिले में स्टेट हाईवे व अन्य सड़कों पर घूमते मवेशियों को गौशाला पहुंचाया जाए। लेकिन जिले के शीर्ष अधिकारी के आदेश का पालन नहीं हो रहा है। एवं अभी भी सैकड़ों मवेशी जिले में हाईवे पर घूम रहे हैं।

हरिभूमि टीम ने गुरुवार शाम सोहागपुर ब्लॉक मुख्यालय सहित सेमरी व शोभापुर क्षेत्रों का भ्रमण किया तो पाया कि मुख्यालय सहित समीप की ग्राम पंचायतों के सैकड़ों मवेशी हाईवे पर घूम रहे हैं। सर्वाधिक मवेशी शोभापुर गांव के बीच स्टेट हाईवे पर घूमते व बैठे देखे गए। स्पष्ट है कि शोभापुर ग्राम पंचायतकर्मी अधिकारियों के आदेशों का पालन नहीं कर रहे हैं। मामले में शोभापुर सहित क्षेत्र की अन्य ग्राम पंचायतों के सचिवों एवं उन अधिकारियों की लापरवाही स्पष्ट हो रही है, जिन्हें मवेशियों को सड़क से हटाने के निर्देश दिए गए हैं। मामले में शोभापुर वासियों ने बताया कि जब से कलेक्टर के आदेश हुए हैं तभी से इसी तरह के हालात गांव में हैं। शायद ही कोई दिन या रात बीते हों जब हाईवे पर मवेशी ना दिखाई दिए हों।



### गांव में बनी बड़ी गौशाला

शोभापुर वासियों के अनुसार उनके गांव में ही एक बहुत बड़ी गौशाला शासकीय व्यय पर बनाई गई है। जिसमें सड़कों पर भटकते मवेशियों को बंद करना चाहिए। यदि शोभापुर की गौशाला में क्षमता के अनुरूप मवेशी हो जाते हैं तो आसपास की गौशालाओं में मवेशी पहुंचने की जिम्मेदारी भी शोभापुर पंचायतकर्मियों की ही है। लेकिन सचिव का ध्यान कार्यों में कम रहता है। ग्रामीणों का कहना है कि मामले में कलेक्टर को शोभापुर गौशाला की जांच स्वयं ही करनी चाहिए।

## माखननगर से नागेश्वर कांवड़ यात्रा सोमवार को होगी रवाना



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

नगर की अंकुर युवा संस्था विगत 14 वर्ष से श्रावण माह में नागेश्वर कावड़ यात्रा का आयोजन करती आ रही है इस वर्ष भी संस्था द्वारा विशाल कावड़ यात्रा का आयोजन किया जा रहा हैं 4 अगस्त को श्रावण माह के चतुर्थ सोमवार को नागेश्वर कावड़ यात्री चौकाघाट नर्मदा नदी से जल लेकर माखन नगर के मंगलवारा बाजार स्थित प्राचीन शिवालय में भगवान भोलेनाथ का अभिषेक करेंगे अंकुर युवा संस्था के संतोष अग्रवाल ने बताया सभी कांवरिया 4 अगस्त सोमवार को प्रातः अग्रवाल मशीनरी एवं इलेक्ट्रिकल्स स्टोर्स माखन नगर में एकत्रित होकर वाहन से चौकाघाट पहुंचेंगे। जो भी धर्म प्रेमी कावड़ यात्रा में शामिल होना चाहते हैं वह अंकुर युवा संस्था के सदस्यों से संपर्क कर लें।

## नशे के प्रति जागरुकता अभियान में बोलीं टीआई 'नशा स्वैग की नहीं, स्वाहा होने की राह'

### नशे से दूरी है जरूरी अभियान का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

'नशे से दूरी है जरूरी' नशा मुक्ति अभियान मप्र पुलिस द्वारा समूचे प्रदेश में 15 जुलाई 2025 से 15 दिन के लिए संचालित किया गया। सोहागपुर क्षेत्र में एसडीओपी संजू चौहान के मार्गदर्शन में व टीआई ऊषा मरावी के नेतृत्व में शहर व ग्रामों में भी अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम किए गए। एएसआई गणेश राय ने बताया कि 30 जुलाई को अभियान संपन्न हुआ। टीआई उषा मरावी ने कहा कि 15 दिवसीय अभियान दौरान सभी ने सहभागिता कर नशामुक्त समाज बनाने की प्रेरणा ली।



पुलिस द्वारा 'नशा नहीं, शिक्षा चाहिए' व 'नशा नहीं, जिंदगी चाहिए' सूत्र वाक्य के साथ अभियान संपन्न किया। टीआई मरावी के नेतृत्व में सोहागपुर पुलिस द्वारा युवाओं तथा स्कूली छात्र-छात्राओं को अभियान के दौरान बताया गया कि ₹नशा स्वैग की नहीं, स्वाहा होने की राह₹ है। बच्चों को बताया गया कि माता-पिता के सपनों को पूरा करने के प्रयास निरंतर चलते रहना चाहिए।

## मालेगांव विस्फोट पर दिया फैसला निष्पक्षता और राष्ट्रवाद की विजय

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा

मालेगांव विस्फोट मामले में एनआईए विशेष अदालत द्वारा दिए गए ऐतिहासिक निर्णय पर प्रतिक्रिया देते हुए भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष विश्वेन्द्र सिंह मंडलोई ने कहा कि यह फैसला केवल कानूनी दृष्टिकोण से नहीं, बल्कि वैचारिक और राष्ट्रीय आत्मसम्मान की दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह उन तमाम राष्ट्रभक्तों की विजय है, जिन्हें वर्षों तक एक झूठे और दुर्भावनापूर्ण नैरेटिव के तहत अपमानित, प्रताड़ित और राजनीतिक रूप से निशाना बनाया गया। श्री मंडलोई ने कहा कि मालेगांव विस्फोट केस को लेकर कांग्रेस शासित समय में जिस प्रकार "हिंदू आतंकवाद" जैसी साजिशी अवधारणा को गढ़ा गया था, उसने न केवल राष्ट्रवादी संगठनों की छवि को धूमिल किया, बल्कि भारत की सनातन संस्कृति और विचारधारा पर भी प्रश्नचिह्न लगाने का प्रयास किया। कांग्रेस पार्टी ने वोटबैंक की राजनीति के लिए इस केस का उपयोग एक औजार की तरह किया और निर्दोष राष्ट्रभक्तों को झूठे मुकदमों में फंसाया गया। उन्होंने आगे कहा कि इस फैसले ने यह सिद्ध कर दिया है कि भारत की न्याय व्यवस्था आज भी तथ्यों, सबूतों और सत्य के आधार पर निर्णय करती है, न कि झूठे प्रचार या राजनीतिक दबाव में। वर्षों से मानसिक और सामाजिक यातना झेल रहे निर्दोषों को आखिरकार आज न्याय मिला है, और यह राष्ट्रवाद की वैचारिक जीत है।

## नप उपयंत्री की अनुपस्थिति में ही कराए गए हैं सोहागपुर नगर में कुछ सरकारी निर्माण कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर में कुछ सप्ताह पूर्व हुए नगर परिषद के सरकारी निर्माण उपयंत्री की अनुपस्थिति में हुए हैं। तथा निर्माणों की गुणवत्ता पर संदेह है। यह आरोप गुरुवार की दोपहर कांग्रेसि ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपते हुए एसडीएम अनिल जैन के समक्ष लगाया है। कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष पुष्पराज पटेल, पूर्व नपाध्यक्ष संतोष मालवीय, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष आलोक जायसवाल, कांग्रेस नगराध्यक्ष गजेंद्र चौधरी व पार्षद धर्मदास बेलवंशी ने एसडीएम से कहा कि सोहागपुर नप के वर्तमान उपयंत्री की अनुपस्थिति में शहर में सरकारी निर्माण हुए हैं व स्पष्ट है कि कार्य मनमाने ढंग से तथा अज्ञात शक्ति के इशारे पर किए गए हैं। जिससे संभावना है कि निर्माणों में गुणवत्ता से समझौते हुए हैं। कांग्रेसियों ने एसडीएम अनिल जैन से इस बात की जांच की मांग की है कि जब शहर में निर्माण हुए तब उपयंत्री की उपस्थिति बाबत नप के अटेंडेंस रजिस्टर की जांच करें। धर्मदास बेलवंशी ने कहा कि सोहागपुर नप कार्यालय में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की जाए कि निर्माणों के दौरान क्या उपयंत्री कार्यालय में उपस्थित रहे? यदि उपयंत्री नप कार्यालय नहीं आए तो फिर उपस्थिति पंजी में उपयंत्री के हस्ताक्षर हुए या नहीं, यह जांच का विषय है। नागरिकों के अनुसार कांग्रेसियों के आरोपों की जांच यदि एसडीएम करें तो गड़बड़ी सामने आएगी। लेकिन वहीं नागरिकों का सवाल यह भी है कि क्या एसडीएम अनिल जैन जांच कर पाएंगे?



### राजस्व विभाग ने की कार्रवाई, कई अधिकारी रहे मौजूद

# 6 करोड़ 50 लाख की भूमि से हटाया अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

प्रशासन ने एक विशेष अतिक्रमण मुक्ति अभियान चलाकर इटारसी तहसील के ग्रामीण अंचल में कुल 125 अतिक्रमण हटाये, जो सड़कों, सार्वजनिक स्थलों और शासकीय भूमि पर वर्षों से किये गये थे। लगभग 6.5 करोड़ रुपए मूल्य की 60 हेक्टेयर भूमि मुक्त कराया है जिसका इस्तेमाल सार्वजनिक हित की योजनाओं में किया जाएगा। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व टी प्रतीक राव ने अभियान का नेतृत्व किया।

नगर प्रशासन, राजस्व विभाग और नगर पालिका के कर्मचारियों ने एकजुट होकर कार्य किया। इसमें डिप्टी कलेक्टर प्रियंका भल्लावी, तहसीलदार शक्ति सिंह तोमर व अन्य अधिकारियों की प्रमुख भूमिका रही।



### हाथ जोड़ो अभियान

एक अभिनव पहल के रूप में हाथ जोड़ो अभियान की शुरुआत की गई जिसमें राजस्व विभाग और नगर पालिका का संयुक्त प्रयास था। इस पहल के तहत इटारसी बाजार में व्यापारियों को स्वेच्छा से अतिक्रमण न करने के लिए प्रेरित किया। जिन व्यापारियों ने सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण नहीं किया था, उन्हें प्रशासन ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। नगरीय क्षेत्र में अभियान को मुख्य रूप से रेलवे स्टेशन क्षेत्र, बस स्टैंड और जयस्तंभ चौक जैसे अतिव्यस्त और संवेदनशील क्षेत्रों में चलाया गया जहां अतिक्रमण के कारण नागरिकों का आवागमन में असुविधा होती थी। इन क्षेत्रों से अतिक्रमण हटाने के बाद यातायात की स्थिति में पहले की अपेक्षा सुधार आया है।

### अभियान जारी रहेगा

एसडीएम टी प्रतीक राव ने कहा है कि यह अभियान केवल अतिक्रमण हटाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह नागरिकों को उनके अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरुक करने का माध्यम भी है।

### गोस्वामी तुलसीदास जी की जयंती मनाई गई



**माखन नगर।** श्रावण मास तिथि सप्तमी को प्रतिवर्ष तुलसीदास जी की जयंती मनाई जाती है , इसी कड़ी में श्री माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय माखन नगर में 31 जुलाई दिन गुरुवार को गोस्वामी तुलसीदास जी के चित्र पर माल्यार्पण किया एवं दीप प्रज्वलित कर उनकी जयंती मनाई गई । प्राचार्य डॉक्टर नीता चौबे ने तुलसीदास जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि तुलसीदास जी ने जीवन में और जगत के सभी क्षेत्रों में समरसता स्थापित करने का प्रयास किया, राम राज्य में आध्यात्मिकता सामाजिक समरसता का संपूर्ण विवरण दिया गया। मंच संचालन करते हुए हिंदी विभाग की विभाग अध्यक्ष डॉक्टर सुमन अवस्थी ने बताया कि तुलसीदास जी की वात्सल्य व शैशवास्था बहुत ही दुरह अवस्था में रही , उनके द्वारा रचित अनेक ग्रंथों में एक श्री रामचरितमानस हिंदुस्तान ही नहीं बल्कि देश विदेश में भी प्रसिद्ध है ।कार्यक्रम में समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे ।अंत में श्री पंकज बेरवा द्वारा सभी के प्रति अभार प्रकट किया गया।

### सेवानिवृत्त आंगनवाड़ी सहायिका का सम्मान समारोह संपन्न

**सिवनी मालवा।** महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना सिवनी मालवा के अंतर्गत सेक्टर सातवासा के ग्राम दतवासा में कार्यरत आंगनवाड़ी सहायिका के सेवानिवृत्ति उपरांत एक गरिमामय विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन पंचायत भवन दतवासा में किया गया। कार्यक्रम में विभागीय अधिकारी, जनप्रतिनिधि, पंचायत प्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन आदि लोग शामिल हुए।

प्रारूप - 28
(नियम 91(1)(क)(II))
ई-निविदा आमंत्रण सूचना प्रारूप
मध्य प्रदेश शासन

**कार्यालय नगर परिषद सोहागपुर, जिला नर्मदापुरम (म.प्र.)**

एन.आई.टी. संख्या 1640/ई-टेण्डरिंग दिनांक 01/08/2025

निम्नलिखित निर्माण के लिए निविदा मानदंडो को पूरा करने वाले ठेकेदारो और ख्याति प्राप्त फर्म्स से ऑनलाईन www.mptenders.gov.in बोली आमंत्रित है:-

| निविदा क्र. | निविदा क्रम | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत | अमानत राशि | ठेकेदार की श्रेणी | कार्य की समयावधि | निविदा प्रपत्र की कीमत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2025_UAD_441521_1 | प्रथम आमंत्रण | स्वच्छ भारत मिशन 2.0 (शहरी) के अंतर्गत एमआरएफ / कम्पोस्टिंग योजना का निर्माण/सुदृढ़ीकरण कार्य | 4198672/- | 31490/- | म.प्र. लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदार | 6 माह वर्षाकाल सहित | 10000/- |

शतेः- 1. बोली दस्तावेज सार्वजनिक अवकाश को छोड़कर दिनांक 01.08.2025 से 05.09.2025 तक ऑनलाईन क्रय किये जा सकते है।
2. एन.आई.टी. में संशोधन, यदि कोई होता है, तो केवल वेबसाईट पर प्रकाशित किया जाएगा और समाचार पत्र में नहीं।

अध्यक्ष
नगर परिषद सोहागपुर

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद सोहागपुर

## खबर संक्षेप

### चयन परीक्षा आज

**हरदा।** जनजातीय कार्य विभाग अंतर्गत संचालित आकांक्षा योजना के तहत वर्ष 2025-26 में नीट, जेईई व क्लेट की कोचिंग में प्रवेश के लिये चयन परीक्षा आज 2 अगस्त को होगी। जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग हरदा ने बताया कि यह प्रवेश परीक्षा शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय हरदा में आज शनिवार को दोपहर 12.30 बजे से दोपहर 2.30 बजे तक आयोजित होगी। विद्यार्थियों को चयन परीक्षा हेतु प्रातः 10 बजे परीक्षा केन्द्र पर ऑनलाइन आवेदन की प्रति, कक्षा 10 वीं की अंकसूची की छायाप्रति, जाति प्रमाण-पत्र व आय प्रमाण-पत्र की छाया प्रति लेकर उपस्थित होने के लिये कहा गया है।

### प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की अंतिम तिथि बढ़ी

**हरदा।** फसलों को प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान जोखिमों की भरपाई हेतु प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना संचालित है। जिसमें ऋणी तथा अऋणी दोनो ही प्रकार के किसान अपनी अधिसूचित फसलों का अधिसूचित क्षेत्र हेतु बीमा करा सकते है। ऋणी किसान इस वर्ष बोई गई खरीफ फसलों का बीमा संबंधित बैंकों अथवा समितियों के माध्यम से करा सकते है। उपसंचालक किसान कल्याण जे एल कास्दे ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत खरीफ वर्ष 2025 में अधिसूचित फसलों का फसल बीमा करने की अंतिम तिथि 14 अगस्त तक बढ़ाई गई है। उन्होने बताया कि फसल बीमा के तहत सोयाबीन फसल के लिए 766.6 रुपए प्रति हेक्टेयर, मक्का फसल के लिए 693 रुपए प्रति हेक्टेयर एवं असिंचित धान के लिए 651 रुपए प्रति हेक्टयर प्रीमियम राशि निर्धारित की गई है।

### मलेरिया-डेंगू से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी तेज बुखार-उल्टी होने पर डॉक्टर से संपर्क करें

**सीहोर।** इस सीजन 25.31 इंच बारिश दर्ज की गई है। ये पिछले साल की इसी अवधि में हुई 23.35 इंच बारिश से ज्यादा है। पिछले 24 घंटे में जिले में 0.08 इंच और श्यामपुर में 0.28 इंच पानी गिरा है। बारिश के मौसम को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने मलेरिया, डेंगू और चिकनगुनिया जैसी बीमारियों

## सीहोर-देवास में डेढ़ हजार हेक्टेयर बढ़ेगा जंगल का क्षेत्र

# सेंचुरी के विस्तार का प्रस्ताव तैयार दस बाघों का घर है खिवनी अभ्यारण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मध्यभारत की विंध्याचल पर्वत मालाओं में स्थित खिवनी वन्यजीव अभ्यारण बाघों का प्राकृतिक घर है। ये क्षेत्र जैव विविधता से समृद्ध है और बाघों के संरक्षण के लिए उपयुक्त जगह है। अभ्यारण प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण है। यहां नदियां, झरने, पहाड़ और घास के मैदान हैं। यह वातावरण बाघों के संरक्षण और संवर्धन के लिए आदर्श है। सीहोर और देवास जिले के जंगलों में 134 वर्ग किमी क्षेत्रफल में फैले इस अभ्यारण में बाघों की संख्या लगातार बढ़ रही है। वर्तमान में यहां 10 बाघ हैं। इनमें 2 नर, 5 मादा और 3 शावक शामिल हैं। बरसात के दिनों में बाघ अपने पूरे परिवार के साथ घास के मैदानों में विचरण करते देखे जा सकते हैं।



**खिवनी वन्यजीव अभ्यारण के विस्तार का प्रस्ताव तैयार**

अभ्यारण में बाघों की बढ़ती संख्या के कारण उनके विचरण के लिए जंगल छोटे पड़ने लगे हैं। इसलिए खिवनी वन्यजीव अभ्यारण के विस्तार का प्रस्ताव तैयार किया गया है। अभ्यारण प्रबंधन इसकी कार्ययोजना पर काम कर रहा है।

**सीहोर-देवास में बाघों के लिए ज्यादा जगह मिलेगी :** इस संबंध में सीहोर और देवास जिले के वन मंडल अधिकारियों की बैठकें हो चुकी हैं। दोनों जिलों में कुल 1 हजार 500 हेक्टेयर जंगल का विस्तार किया जाएगा। इससे बाघों को घूमने और रहने के लिए अधिक क्षेत्र उपलब्ध होगा।

**जगह जैव विविधता की दृष्टि से समृद्ध**

रेंजर भीम सिंह सिसोदिया ने बताया कि आने वाले समय में अभ्यारण में बाघों की संख्या और बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि ये जगह जैव विविधता की दृष्टि से समृद्ध है। बाघों के विचरण और उनकी बढ़ती संख्या को देखते हुए अभ्यारण का विस्तार आवश्यक है। इस पर काम चल रहा है और जल्द ही अभ्यारण का दायरा बढ़ाया जाएगा।

## 11 साल से फरार वारंटी महाराष्ट्र से गिरफ्तार



**रहटगांव।** काम्बिंग गश्त के दौरान पर थाना प्रभारी मनोज दुबे के नेतृत्व में थाना रहटगांव एवं रक्षित केन्द्र हरदा से गठित टीम द्वारा महाराष्ट्र धारणी के अलग अलग क्षेत्रों से वारंटी गिरफ्तार किया। रहटगांव पुलिस द्वारा न्यायालय टिमरनी द्वारा जारी प्रकरणों मे 11 साल से फरार चल रहे स्थायी वारन्टियो एवं गिरफ्तार वारन्टियो की धरपकड़ की गई। पुलिस थाना रहटगांव द्वारा 04 स्थायी वारन्टी एवं 12 गिरफ्तारी वारन्टियो की गिरफ्तारी की गई। महाराष्ट्र तहलील धारणी पहुंचकर थाना रहटगांव के दो स्थाई बारन्टीयो की सूचना मिलने पर ग्राम धारनमहु पहुंचे। जहां पर प्रकरण क्रमांक 2291/14 के स्थाई वारन्टी लक्ष्मण पिता ब्रजलाल गौलान उम्र 28 साल निवासी सिरपुर थाना धारणी जिला अमरावती को गिरफ्तार किया गया। इसके बाद ग्राम बोथरा पहुंचकर प्रकरण क्रमांक 63/19 के स्थाई बारन्टी भरतसिंह पिता शारदासिंह उम्र 16 वर्ष निवासी बोथरा जिला अमरावती महाराष्ट्र की सूचना ग्राम बासपानी होने पर ग्राम बासपानी पहुंचकर वारन्टी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी वारन्टी मोतीलाल पिता मोतीराम निवासी भिरोजा, रामकिशन पिता साबुलाल निवासी भिरोजा, गंगुसिंग पिता गंगाराम जावरकर निवासी भिरोजा, भीलू पिता छोटेलाल जावरकर निवासी भिरोजा, पन्नालाल पिता मन्नुलाल भिलावेकर निवासी ग्राम जाम्बू, मोतीलाल पिता लाला ठाकरे निवासी जाम्बू, प्रकाश पिता बाबुलाल कोरकू निवासी जाम्बू, अनिल पिता मोतीराम पटेल जाति कोरकू निवासी जाम्बू, जयराम पिता रामकिशन कोरकू सभी निवासी जाम्बू थाना धारणी जिला अमरावती को पृथक पृथक वारन्टीयो को गिरफ्तार किया गया। इसी तरह गिरफ्तारी वारन्टी पवन पिता सुखलाल उड़के उम्र 26 साल। बारन्टी प्रवीण उर्फ भूरा पिता चैनसिंह बछानिया को गिरफ्तार किया गया।

### सुपर-100 परीक्षा प्रदेश के 57 केंद्रों पर 3 को

**सीहोर।** मध्यप्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा सुपर-100 योजना में इस वर्ष परीक्षा का आयोजन 3 अगस्त को किया जा रहा है। परीक्षा परीक्षा केंद्रों पर होगी। रविवार को प्रथम पारी में प्रातः 10:30 बजे से दोपहर एक बजे तक कक्षा-11वीं में जेईई की तैयारी के लिये एवं द्वितीय पाली में दोपहर 2:30 से शाम 5 बजे तक कक्षा-11वीं में नीट की तैयारी के लिये प्रवेश परीक्षा का आयोजन होगा। परीक्षा के लिये जिला स्तर पर 57 परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं।

### छात्र-छात्राओं को दिया गया सिविल डिफेंस प्रशिक्षण

**सीहोर।** जिला होमगार्ड कार्यालय में पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के 64 एनसीसी छात्र-छात्राओं को सिविल डिफेंस प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में छात्र-छात्राओं को सिखाया गया कि बाढ़ की स्थिति से कैसे निपटा जाए, इंप्रोवाइज्ड इक्विपमेंट कैसे तैयार किये जाए, उनका उपयोग कैसे किया जाए। इसके साथ ही जिले में उपलब्ध बाढ़ आपदा प्रबंधन संबंधी उपकरणों की जानकारी भी दी गई।

## कलेक्टर ने अधिकारियों को सौंपे दायित्व

# जिले में गरिमापूर्ण तरीके से मनाया जाएगा स्वतंत्रता दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

जिले में स्वतंत्रता दिवस गरिमापूर्ण तरीके से मनाया जाएगा। जिला स्तर पर वीरांगना लक्ष्मीबाई मिडिल स्कूल ग्राउंड पर प्रातः 9 बजे से स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण सभी सार्वजनिक भवनों एवं प्रत्येक कार्यालयों में हों। राष्ट्रीय ध्वज स्वच्छ हो, ध्वजारोहण के समय आवश्यक सावधानी रखी जाए।

राष्ट्रीय ध्वज गरिमापूर्ण एवं सही तरीके से फहराया जावे तथा ध्वजारोहण के समय सभी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। उन्होंने निर्देशित किया कि जिला पंचायत, जनपद पंचायत एवं ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर अध्यक्ष अथवा सरपंचों द्वारा औपचारिक रूप से राष्ट्रीय ध्वज फहराया जावे तथा राष्ट्रीय गान, मध्यप्रदेश गान कराया जावे। सभी अधिकारी सौंपे गये दायित्वों को समय पर पूर्ण करें। कलेक्टर ने स्वतंत्रता दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम के आयोजन के लिये अधिकारियों को दायित्व सौंपे है। उन्होने मैदान की व्यवस्था के लिये मुख्य नगरपालिका अधिकारी एवं लोक निर्माण विभाग को दायित्व सौंपा है। उन्होने व्ही.आई.पी. एवं लोकतंत्र रक्षकों की बैठक व्यवस्था के लिये कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, जल प्रदाय व्यवस्था के लिये नगर पालिका हरदा सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन के लिये मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं शिक्षा विभाग, परेड कार्यक्रम के लिये पुलिस विभाग एवं शिक्षा विभाग, प्रभात फेरी के लिये शिक्षा विभाग, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं लोकतंत्र रक्षकों की व्यवस्था के लिये राजस्व विभाग को दायित्व सौंपा है। इसके अलावा कार्यक्रम स्थल पर चिकित्सा व्यवस्था के लिये चिकित्सा विभाग, पुरस्कार वितरण के लिये डी.पी.सी., शिक्षा विभाग एवं आदिम जाति कल्याण विभाग, मंच संचालन के लिए शिक्षा विभाग को दायित्व सौंपा गया है।



## विश्व स्तनपान सप्ताह के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित

**हरदा।** हर वर्ष एक से 7 अगस्त तक स्तनपान सप्ताह का आयोजन किया जाता है। विश्व स्तनपान सप्ताह के आयोजन का मूल उद्देश्य स्तनपान को बढ़ावा देना है, जिससे की शिशुओं को सही पोषण मिल सके और उनका स्वास्थ्य एवं बौद्धिक क्षमता बेहतर हो सके। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एचपी सिंह ने बताया कि शुक्रवार को विश्व स्तनपान सप्ताह के तहत जागरूकता रैली तथा गृह भेंट के माध्यम से महिलाओं को स्तनपान के महत्व के बारे में बताया गया। स्तनपान सप्ताह के तहत ग्राम धनपाड़ा में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जिले के अस्पतालों में एएनसी व ओपीडी में आने वाली गर्भवती व धात्री महिलाओं तथा वार्ड में भर्ती प्रसूताओं व बच्चों की माताओं को स्तनपान संबंधी समझाइश दी गई।

## जिले को मिले 2 शव वाहन, नपा उपाध्यक्ष ने दिखाई हरी झंडी

**हरदा।** शासन द्वारा संचालित सभी शासकीय अस्पतालों में रोगी एवं दुर्घटना पीड़ितों की इलाज के दौरान मृत्यु होने पर मृतक को उनके निवास स्थल अथवा श्मशान घाट तक निःशुल्क परिवहन सेवा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा हरदा जिले को 2 शव वाहन उपलब्ध कराये गये हैं। शुक्रवार को नगर पालिका उपाध्यक्ष अंशुल गोयल ने हरी झंडी दिखाकर शव वाहन को जिला चिकित्सालय से रवाना किया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह, नोडल अधिकारी डॉ. गंभीर पटेल सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह ने बताया कि इन शव वाहनों का संचालन केवल जिले की सीमा के अंदर किया जायेगा। इन वाहनों का उपयोग शासकीय चिकित्सा संस्थानों में हुई मृत्यु के प्रकरणों में किया जाएगा। उन्होने बताया कि मृतक के परिवहन के लिये संबंधित शासकीय स्वास्थ्य संस्था का मृत्यु प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराना आवश्यक होगा। शव वाहन जिला अस्पताल में तैनात रहेंगे एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी की निगरानी एवं नियंत्रण में कार्य करेंगे।

# सभी विकास और निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण और समय सीमा में करें : संभाग आयुक्त संजीव सिंह



**सीहोर।** भोपाल संभाग आयुक्त संजीव सिंह ने सीहोर में विधि महाविद्यालय, नापलाखेड़ी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के निर्माणाधीन भवन तथा शहीद स्थल के विकास कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण एजेंसी को तय समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से निर्माण कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने पूरे भवन के निर्माण कार्य की गुणवत्ता और उपयोग की जाने वाली निर्माण सामग्री का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर बालागुरू के. ने निर्माण कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। भोपाल संभाग आयुक्त संजीव सिंह ने उपस्थित अधिकारियों को विभाग द्वारा निर्माण कार्य से संबंधित तय मापदंडों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को समय-समय पर निर्माण कार्य एवं निर्माण सामग्री का निरीक्षण करने के लिए कहा। शहीद स्थल के निरीक्षण के दौरान संभागायुक्त श्री सिंह ने कहा यह एतिहासिक स्थल पवित्र स्थल के रूप में विकसित होगा और आजादी के लिए कुर्बान होने वाले शहीदों के बारे में आने वाल पीढ़ियों को जानकारी मिलेगी। इस शहीद स्थल पर बने ऑडिटोरियम में देशभक्ति से जुड़े सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित हो सकेंगे। उन्होंने कलेक्टर बालागुरू के. तथा पीआईयू के कार्यपालन यंत्री से इस स्थल के फर्स्ट फेस का कार्य पूर्ण होने के बाद आगामी प्रस्तावित कार्यों की कार्ययोजना के बारे में विस्तार से जानकारी ली। संभागायुक्त ने ग्राम सतपिपलिया में देखी जल संरक्षण संबंधी गतिविधियां संभागायुक्त संजीव सिंह तथा कलेक्टर ने ग्राम सतपिपलिया में डगवेल रिचार्ज, निर्मल नीर कपिलधारा कूप का निरीक्षण किया।



### जिले में पिछले 24 घंटे मे 1.1 मिलीमीटर औसत बारिश

**सीहोर।** जिले में बीते 24 घंटे में सुबह 8 बजे तक 1.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। वर्षामापी केंद्र सीहोर में 2, मिलीमीटर, श्यामपुर में 7, आष्टा में 0, जावर में 0, इछावर में 0, भैरूंदा में 0, बुधनी में 0, रेहटी में 0 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में 1 जून से 31 जुलाई को सुबह 8 बजे तक 643.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। गत वर्ष इसी अवधि में औसत वर्षा 593.9 मिलीमीटर थी। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1148.4 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से 31 जुलाई 2025 तक जिले के वर्षामापी केन्द्र सीहोर में 646.8, मिलीमीटर, श्यामपुर में 661.6, आष्टा में 444, जावर में 401, इछावर में 614.3, भैरूंदा में 615, बुधनी में 906 तथा रेहटी में 862.2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

## माह के पहले कार्य दिवस की शुरुआत वंदे मातरम से हुई



**हरदा।** प्रत्येक माह के पहले कार्य दिवस की शुरूआत शासकीय कार्यालयों में राष्ट्रगीत वंदेमातरम गायन के साथ होती है। इसी क्रम में शुक्रवार सुबह कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित कार्यालयों के अधिकारी कर्मचारियों ने राष्ट्रगीत व राष्ट्रगान का गायन किया। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर सतीश राय व रजनी वर्मा सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी भी मौजूद थे।

# कुर्मी क्षत्रिय गौर समाज युवा वाहिनी की आठवीं बैठक धौलपुर में संपन्न



**रहटगांव।** कुर्मी क्षत्रिय गौर समाज जिला संगठन के मार्गदर्शन एवं जिला युवा संगठन के सानिध्य में कुर्मी क्षत्रिय युवा वाहिनी की बैठकें हुई। संगठन की सातवी बैठक सौताड़ा में एवं आठवीं बैठक ग्राम धौलपुर में सुरेश गौर बालागांव लवकुश गौर रामपुरी के अध्यक्षता एवं जिला सचिव राजनारायण गौर की गरिमा मयी उपस्थिति में आयोजित की गई। ग्राम वाहिनी धोलपुर में 34 सदस्यों ने तथा सौताड़ा मे 12 सदस्यों ने सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान मोहित गौर को प्रभारी धोलपुर, सुशील गौर को सह प्रभारी धोलपुर बनाया गया। उधर माखन गौर को प्रभारी सौताड़ा और संतोष गौर को सह प्रभारी सौताड़ा बाण्या गया। बैठक में वाहनी जिलाध्यक्ष अध्यक्ष संतोष गौर एवं युवा संगठन अध्यक्ष पवन गौर द्वारा सभी प्रभारियों का तिलक पुष्प माल से स्वागत किया गया एवं युवा संगठन जिला अध्यक्ष द्वारा वाहिनी की सदस्यता उपस्थित साथियों को दिलाई गई। बैठक का संचालन सचिव नितिन गौर द्वारा किया गया। दोनों बैठकों मे गौर समाज के अन्य ग्रामो के वरिष्ठ पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

## आयोजन में नगर के प्रतिष्ठित कवियों ने शिरकत की

# तुलसी जयंती पर अखिल भारतीय साहित्य परिषद ने किया कवि गोष्ठी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रहटगांव

संत शिरोमणि बाबा गोस्वामी तुलसीदास का जन्म श्रावण मास की शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को हुआ था। गुरुवार को टिमरणी के प्राचीन हनुमान मन्दिर पर उनकी 528वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर अखिल भारतीय साहित्य परिषद द्वारा कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें नगर के प्रतिष्ठित व उदयीमान कवियों ने शिरकत की। कवि इस बात पर एकमत थे कि तुलसीदासजी के काव्य का समाज, धर्म और संस्कृति पर बड़ा उपकार है। उनके रामचरितमानस ग्रंथ का, आदर्श समाज की स्थापना में महनीय योगदान है।

गोष्ठी का प्रारम्भ कवि व ग़ज़लकार कृष्णकांत जोशी ने किया। बाबा तुलसी की महानता पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा विविध मतों का बाहुल्य देख भारत में श्रुति और शास्त्र का सहज भाव घोला था। कवि



अशोक पंवार ने बाबा तुलसी के आराध्य भगवान श्रीराम के अयोध्या में भव्य मन्दिर निर्माण में अवरोध पैदा करने वालों को आड़े हाथों लिया। उन्होंने ऐसे तत्वों के प्रति अपना आक्रोश व्यक्त करते हुए सस्वर कहा ₹ जिन्हें रामजी से मोहब्बत नहीं है, हमें भी तो उनकी जरूरत नहीं है। कवि व व्यंग्यकार मुकेश शांडिल्य ने अपने कविता पाठ की शुरुआत एक छंद से की। बाद में उन्होंने बुलन्द आवाज़ और अंदाज में वीर रस की कविता बार- बार चोटिल करता है अपने स्वाभिमान को, अरे जवानों घुस कर मारो पापी पाकिस्तान को सुनाई। जिससे श्रोता भी जोश में आकर उनके साथ गुनगुनाने लगे। कवि विनोद विश्वकर्मा ने बाबा तुलसी के प्रसिद्ध हो जाने के बाद अपने गाँव जाकर, अपने बाल सखाओं से मिलने का विनोदी प्रसंग सुनाकर श्रोताओं को हँसाया। गोष्ठी के संचालक कवि मनीष सोनकिया ने कहा, बाबा तुलसी के दोहे व चौपाइयों की विशेषता यह है कि उन्हें फिल्मी गानों की तर्ज पर भी गाया जा सकता है। श्री सोनकिया ने अपने कविता पाठ को दोहे से शुरू कर, एक मुक्तक बिछे हैं फूल चाहत के, तू नंगे पाँव आ जाना, से समाप्त किया।

गोष्ठी में सामाजिक कार्यकर्ता राजेश योगी, राकेश शांडिल्य, नरेंद्र यदुवंशी, धर्मेंद्र गोडसे भी उपस्थित रहे। गोष्ठी प्रारम्भ करने से पूर्व हनुमान जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण व तुलसीदासजी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित किया गया। मुख्य अतिथि पण्डित ज्योतिषाचार्य नारायण जोशी थे। अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार गुरुदेव बिल्लौरे ने की। अखिल भारतीय साहित्य परिषद की ओर से मुकेश शांडिल्य ने आभार माना।